डा0 डी0के0 सिंह
अधिष्ठाता छात्र कल्याण
(छात्र)

कार्यालय अधिष्ठाता छात्र कल्याण
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ – 250110

पत्रांक सं0: सवप / अ0छा0क0 / 2026 / 14121
दिनांक: 18.08.2026

समस्त छात्रावास अधीक्षक (छात्र)
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

जैसा कि आप सभी विदित है कि शैक्षणिक सत्र 2026–27 हेतु विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के पंजीकरण की प्रक्रिया जारी है। छात्रावास आवंटन सम्बन्धी कार्यालय आदेश पूर्ण विवरण सहित जारी किया जा चुका है। छात्रावासों में छात्रों को पठन–पाठन योग्य वातावरण उपलब्ध कराने के क्रम में निम्न बिन्दुओं पर कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए–

1. छात्रावासों में शौचालयों, गालियारों तथा छात्रों के कमरों की साफ–सफाई की व्यवस्था दुरस्त की जाए।
2. छात्रावास आवंटन आदेश के अनुरूप छात्रावासों में निवासरत छात्रों का पूर्ण विवरण (छात्र का नाम, आई.डी. डिग्री प्रोग्राम, आवंटित कक्ष संख्या, छात्रावास शुल्क आदि) दिनांक 19.08.2026 को अपरान्हन 05.00 बजे तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
3. छात्रावासों में संचालित कॉपरेटिव मैस से सम्बन्धित समस्त औपचारिकताएँ पूर्ण कर यथा सम्भव मैंस संचालन का कार्य सुनिश्चित किया जाए।
4. छात्रावासों में उपलब्ध केयर टेकर / माली को प्रतिदिन कार्य हेतु लक्ष्य देते हुए उनका बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाए।
5. छात्रावासों में छात्रों को कक्ष आवंटन पूर्ण पारदर्शिता के साथ पहले आयो–पहले पायो के सिंद्वान्त पर किया जाए।
6. अनाधिकृत रूप से निवासरत छात्रों से तत्काल छात्रावास खाली कराया जाए अन्यथा की स्थिति में छात्र के एडवाईजर एवं मुख्य छात्रावास अधीक्षक को सूचित किया जाए।
7. छात्रावासों में मुलभूत आवश्यकताएँ यथा विद्युत, पानी, साफ–सफाई, वाई–फाई, सी.सी.टी.वी. आदि की समस्याओं को सम्बन्धित विभाग के माध्यम से शीघ्र पूर्ण कराया जाए।
8. वर्तमान मौसम के दृष्टिगत सरीसृप वर्गीय जीवों से बचाव एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में छात्रों को जागरूक किया जाए ।
9. केयर टेकर /माली के द्वारा छात्रावासों के आस–पास के क्षेत्र को साफ–सुथरा कराया जाय ताकि सरीसृप जीवों के पनपने एवं छिपने की सम्भावना कम हो सके।

18/8/26
अधिष्ठाता छात्र कल्याण
(छात्र)

**प्रतिलिपिः**

1. मुख्य छात्रावास अधीक्षिकों को सूचनार्थ प्रेषित ।
2. कुलसचिव को सूचनार्थ प्रेषित।
3. जन सम्पर्क अधिकारी को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ ।